## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–06.08.2025 (सुबह 08:30 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **दिशोम गुरु शिबू सोरेन का कल राजकीय सम्मान के साथ पैतृक गांव में हुआ अंतिम संस्कार, राज्यपाल, केंद्रीय मंत्री, सहित कई दिग्गज नेताओं ने दी श्रद्धांजलि।**
2. **नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में गुमला पुलिस को मिली बड़ी सफलता, पीएलएफआई का 15 लाख का इनामी नक्सली मार्टिन केरकेट्टा ढेर।**
3. **मौसम विभाग ने राज्य में 9 अगस्त तक बारिश और वज्रपात का जारी किया येलो अलर्ट, रांची समेत कई हिस्सों में भारी बारिश और तेज हवा चलने की आशंका।**
4. **खूंटी के डेविड मुंडा और अजित नाग एशिया रग्बी अंडर–20 चैम्पियनशिप के लिए भारतीय टीम में हुए चयनित।**

*****************

पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान और पारंपरिक रीति–रिवाजों के साथ कल रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड स्थित पैतृक गांव नेमरा में संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने पिता के पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी। अंतिम जोहार के लिए नेमरा गांव में जनसैलाब उमड़ पड़ा, जहां आमजन से लेकर अति विशिष्ट लोग भी शामिल हुए। दिशोम गुरु के अंतिम दर्शन के दौरान ग्रामीणों ने फूलों की बौछार के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी।

*****************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, केंद्रीय मंत्री जुएल ओरम, अन्नपूर्णा देवी, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और सुबोधकांत सहाय, सांसद पप्पू यादव, सुदेश महतो सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने दिवंगत नेता स्वर्गीय शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि दी।

दिशोम गुरू को श्रद्धांजलि देते हुए पदम्श्री मुकुन्द नायक ने कहा कि झारखंड राज्य की परिकल्पना का श्रेय गुरूजी को जाता है।

*****************

सरायकेला–खरसावां के एशिया भवन, आदित्यपुर में उद्योग भारती और आदित्यपुर स्मॉल इंडस्ट्री एसोसिएशन (एशिया) द्वारा दिवंगत जननायक दिशोम गुरु शिबू सोरेन के लिए एक मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस मौके पर एशिया के अध्यक्ष इंदर कुमार अग्रवाल ने दिशोम गुरु को श्रद्धांजलि दी।

*****************

नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में गुमला पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। कल देर रात सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 15 लाख का कुख्यात इनामी पीएलएफआई नक्सली मार्टिन केरकेट्टा मारा गया। इस मुठभेड़ में 2 से 3 अन्य नक्सलियों के घायल होने की भी सूचना है। पुलिस इलाके में सर्च अभियान चला रही है।

*****************

संघ लोक सेवा आयोग– यूपीएससी ने शैक्षणिक और व्यावसायिक संस्थानों के लिए अपने क्षेत्र से संबंधित यूपीएससी भर्ती विज्ञापनों के बारे में सीधे ईमेल अलर्ट प्राप्त करने की एक नई सुविधा शुरू की है। नई आउटरीच नीति के तहत, ईमेल अलर्ट सेवा की सदस्यता लेने के इच्छुक संस्थान वेबसाइट ra-upsc[at]gov[dot]in पर सदस्यता अनुरोध – यूपीएससी भर्ती अलर्ट विषय पंक्ति के साथ अनुरोध भेज सकते हैं।

आयोग के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार ने कहा है कि यह नई पहल असमानता के मुद्दों को दूर करेगी और जरूरतमंद, योग्य तथा अर्हता प्राप्त उम्मीदवारों तक पहुंच आसान बनाएगी।

*****************

भारतीय सेना ने स्पष्ट किया है कि नियंत्रण रेखा पर कोई संघर्ष विराम उल्लंघन नहीं हुआ है। पुंछ क्षेत्र में संघर्ष विराम उल्लंघन संबंधी मीडिया रिपोर्टों के बाद सेना का यह स्पष्टीकरण आया है।

*****************

11वां राष्ट्रीय हथकरघा दिवस कल मनाया जाएगा। इस अवसर पर गोड्डा जिले के शहीद निर्मल महतो प्रशिक्षण केंद्र में सुबह 10 बजे से हथकरघा पुरस्कार विजेताओं, बुनकरों, डिजाइनरों, उद्यमियों और अन्य विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में ई–धागा, हैंडलूम ब्रांड, एमयूडीआरए योजना, बीमा योजना सहित कई योजनाओं की जानकारी साझा की जाएगी और प्रदर्शनी और क्विज का आयोजन भी होगा।

*****************

प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना पाकुड़ जिले की ग्रामीण महिलाओ के आजीविका संवर्धन के साथ साथ स्वावलंबन के लिए वरदान साबित हो रही है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*****************

जमशेदपुर के परसुडीह थाना क्षेत्र के कीताडीह में एक युवक को अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। डीएसपी तौकीर आलम ने बताया कि एक महीने पुराने विवाद को लेकर वारदात को अंजाम दिया गया है और फिलहाल छापेमारी तेज कर दी गई है।

*****************

सरायकेला जिले के गम्हरिया स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय नेंगटासाई से लाखों रुपये के सामान की चोरी मामले में तीन आरोपियों को सजा सुनाई गई है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामाशंकर सिंह की अदालत ने प्रसेनजीत सरदार, अभिजीत जेना और राजेश नायक को विभिन्न धाराओं में दोषी करार देते हुए तीन–तीन साल सश्रम कारावास और जुर्माने की सजा दी है।

*****************

मौसम विभाग के अनुसार, बांग्लादेश और आसपास के क्षेत्रों में बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन के प्रभाव से राज्य में अगले चार दिनों तक बारिश होने की संभावना है। इसे लेकर 9 अगस्त तक कोल्हान और संताल क्षेत्र के जिलों में भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार रांची में भी बारिश का अनुमान है।

*****************

**और अब कुछ खेल की खबरें**

- खूंटी जिले के दो रग्बी खिलाड़ी डेविड मुंडा और अजित नाग का चयन एशिया रग्बी अंडर–20 चैम्पियनशिप के लिए भारतीय टीम में किया गया है। यह प्रतियोगिता 9 और 10 अगस्त को बिहार के राजगीर में आयोजित होगी। दोनों खिलाड़ियों ने कोलकाता में राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में शानदार प्रदर्शन कर टीम में अपनी जगह बनाई। उनके इस चयन से खूंटी और झारखंड के खेलप्रेमियों में खुशी की लहर है।
- रांची के खेलगांव में छठे सीआईएससीई रीजनल एथलेटिक मीट की शुरुआत कल हुई, जिसमें बिहार और झारखंड के लगभग 900 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। गुरूजी शिबू सोरेन के आकस्मिक निधन के कारण उद्घाटन समारोह रद्द कर दिया गया और दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस प्रतियोगिता की सांकेतिक शुरुआत मशाल जलाकर की गई। तीन दिवसीय इस आयोजन में अंडर–14, 17 और 19 आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने पहले दिन दमदार प्रदर्शन किया।

*****************

**और अब अखबारों की सुर्खियां–**

- रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने दिशोम गुरू शिबू सोरेन के अंतिम यात्रा की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
- **प्रभात खबर ने लिखा है**–नेमरा में शांत हुई संघर्ष की लौ....
- **दैनिक भास्कर के भाब्द हैं** पंचतत्व में विलीन गुरूजी– अम्बर रोया, धरती निःशब्द।
- **हिन्दुस्तान** ने लिखा है सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में शामिल होनेवाले विधार्थियों के लिए निर्देष जारी, अपार आईडी बनाना अनिवार्य''''''''''''''''''''''''''''–नहीं होने पर परीक्षा में परेशानी।
- **दैनिक जागरण** की सुर्खी है उत्तरकाशी में जलप्रलय–बादल फटने से चार की मौत, सेना के नौ जवानों समेत 60 से अधिक लापता

*******समाप्त**********